# फर्जी लाइसेंस बनाकर हथियार रखने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## कलेक्ट्रेट की आर्म्स शाखा के कर्मचारी भी शामिल, 10 पिस्टल व एक रायफल बरामद, कई राज्यों तक फैला था नेटवर्क

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 23 अप्रैल.** जिले में फर्जी आर्म्स लाइसेंस बनाकर अवैध हथियार रखने वाले संगठित गिरोह का भिंड पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में अब तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि 10 पिस्टल (32 बोर) एवं 315 बोर की एक रायफल बरामद की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध हथियार नेटवर्क में हड़कंप मच गया है।

**मुखबिर की सूचना पर शुरू हुई जांच:** अटेर एसडीओपी रविंद्र वास्कले ने बताया कि पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि जिले में कुछ लोगों के पास फर्जी आर्म्स लाइसेंस हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में तकनीकी साइबर टीम को जांच में लगाया गया। नेटग्रिड एवं ऑनलाइन पोर्टल पर जांच करने पर इन लाइसेंसों का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला, जिससे मामला संदिग्ध हो गया।




**ऑनलाइन रिकॉर्ड में नहीं मिले लाइसेंस:** जांच के दौरान खुलासा हुआ कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र सहित मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और जम्मू जैसे विभिन्न राज्यों में एक संगठित गिरोह सक्रिय था। यह गिरोह पैन कार्ड, आधार कार्ड और फोटो में हेरफेर कर फर्जी आर्म्स लाइसेंस तैयार करता था। इन लाइसेंसों पर क्यूआर कोड एवं जिला अधिकारी भिंड का नाम अंकित होता था, लेकिन आधिकारिक रिकॉर्ड में इनका कोई अस्तित्व नहीं था।

**आर्म्स शाखा के कर्मचारी भी गिरफ्तार:** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित की गई। जांच में यह भी सामने आया कि कलेक्ट्रेट की आर्म्स शाखा के दो कर्मचारी इस गिरोह में शामिल थे। पुलिस ने दोनों कर्मचारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके अलावा अन्य कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

**परिवारजनों के नाम पर भी बने फर्जी लाइसेंस:** गिरफ्तार आरोपियों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने अपने एवं अपने परिवारजनों के नाम पर फर्जी लाइसेंस बनवाए थे। पुलिस ने अब तक 11 फर्जी लाइसेंस से जुड़े हथियार जब्त किए हैं, जिससे इस नेटवर्क की व्यापकता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**हालिया कार्रवाई में दो और आरोपी गिरफ्तार:** 22 अप्रैल 2026 को थाना लहार क्षेत्र से पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक 315 बोर रायफल और एक 32 बोर पिस्टल बरामद की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

**जांच जारी, और खुलासे संभव:** पुलिस द्वारा तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है। आर्म्स शाखा के रिकॉर्ड की भी बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में और भी लोगों की संलिप्तता सामने आ सकती है, जिनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस टीम की रही अहम भूमिका:** इस पूरी कार्रवाई में एसडीओपी अटेर रविंद्र वास्कले के मार्गदर्शन में फूप थाना प्रभारी सतेंद्र राजपूत, ऊमरी थाना प्रभारी शिवप्रताप सिंह राजावत सहित पुलिस टीम के अधिकारियों एवं जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गांव-गांव पहुंचकर संतों ने दिया नशामुक्ति और संस्कारों का संदेश

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 23 अप्रैल.** अखिल भारतीय संत समिति के जिला अध्यक्ष संत कालीदास महाराज के नेतृत्व में निकाली जा रही सत्य पथ धर्म यात्रा सातवें दिन चितौरा से प्रारंभ होकर बख्तरा, हईपुरा, कठुआ गुर्जर, हीरापुरा, बरथरा, कठुआ हांजी और गोहद होते हुए तुकैंडा में रात्रि विश्राम के लिए पहुंचेगी।

**चितौरा से तुकैंडा तक निकली यात्रा, गोहद में हुआ स्वागत, सरपंच संघ भिंड करेगा अभिनंदन**




यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर संतों द्वारा धर्म सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणजनों को सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया गया। सरपंच संघ भिंड द्वारा सरपंच मुरारी सिंह तोमर के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संत कालीदास महाराज ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नशामुक्ति, शिक्षा और संस्कारों का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि शराब और अन्य नशे से दूर रहें तथा अपने बच्चों को शिक्षित बनाएं। महाराज जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बेटी, गौ, नदी, पेड़ और बुजुर्ग जीवंत ईश्वर के स्वरूप हैं, उनकी रक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। इनके संरक्षण के बिना मानव जीवन असुरक्षित हो जाएगा और सनातन संस्कृति पर संकट उत्पन्न होगा। उन्होंने कहा कि जीवन में संतोष का भाव रखें, ईर्ष्या, द्वेष और घृणा से दूर रहें तथा आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखें। मांसाहार को उन्होंने बड़ा पाप बताते हुए त्याग की अपील की। यात्रा में धूमी बाबा के नाम से प्रसिद्ध पायलट बाबा गोवर्धन महाराज भी शामिल रहे। साथ ही संत रामेश्वर दास, संत गोवर्धन महाराज, संत खरऊआ महाराज सहित कई संतजन उपस्थित रहे। समाजसेवियों में महेश करारिया (फौजी), बंटी जादौन, अरुण शर्मा, जीतू भदौरिया जामपुरा, गौसेवक सौरभ खतना, गौरव तोमर, सोनू शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन यात्रा में शामिल होकर धर्म संदेश का लाभ ले रहे हैं।

# शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में नारी शक्ति वंदन

नवभारत न्यूज

**मेहगांव, 23 अप्रैल.** शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया।





इस अवसर पर पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनके विषय 'कल की महिला नेतृत्व' एवं 'शिक्षा से सशक्तिकरण' जैसे समसामयिक और प्रेरणादायक रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके विचारों को रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रदान करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने पोस्टर एवं निबंधों के माध्यम से महिलाओं की भूमिका, नेतृत्व क्षमता तथा शिक्षा के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. डबरिया ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे महिलाओं को सशक्त बनाकर समाज में समान अवसर प्रदान किए जा सकते हैं।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरिजा नरवरिया ने विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों में निरंतर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम संयोजक श्रीमती वंदना श्रीवास्तव एवं अंबुजा गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया।

अंत में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया और सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई। यह आयोजन विद्यार्थियों में नारी शक्ति के प्रति सम्मान एवं जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# भिंड में सड़क सुरक्षा पर सख्ती : 50 किमी से अधिक रफ्तार पर होगी चालानी कार्रवाई

## कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, बिना नंबर प्लेट व बिना दस्तावेज वाहनों पर कड़ा एक्शन के निर्देश

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 23 अप्रैल.** जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क हादसों पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई कड़े निर्देश जारी किए गए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में वाहनों की अधिकतम गति 50 किलोमीटर प्रतिघंटा निर्धारित की जाए। इस सीमा से अधिक गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त चालानी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यातायात पुलिस एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।



**ओवरस्पीडिंग रोकने के लिए लगेंगे कैमरे:** कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के प्रमुख मार्गों एवं दुर्घटना संभावित स्थानों पर डिटेक्शन कैमरे तत्काल लगाए जाएं, ताकि तेज गति से वाहन चलाने वालों की पहचान कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर सख्ती:** बैठक में बिना नंबर प्लेट के चल रहे वाहनों पर भी कड़ा रुख अपनाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे सभी वाहनों का तत्काल चालान काटा जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

**स्कूल वाहनों की होगी विशेष जांच:** स्कूल वाहनों की सुरक्षा को लेकर भी बैठक में विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बिना परमिट, फिटनेस प्रमाण-पत्र एवं थर्ड पार्टी बीमा के कोई भी स्कूल वाहन संचालित नहीं होना चाहिए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन मालिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त:** कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें आम नागरिकों की सहभागिता भी जरूरी है। उन्होंने सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद् भिण्ड, जिला-भिण्ड ( म .प्र . )

क्रमांक/ई-टेण्डरिंग/निर्माण/2026/201 दिनांक 21-4-26

## ई-निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति

समस्त केन्द्रीयकृत पंजीयनधारी ठेकेदारों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् भिण्ड को निम्नांकित कार्य के लिये नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के चालू सी .एस . आर . दिनांक 08 नवम्बर, 2025 की अनुसूची से प्रतिशत दर आधार पर ( फार्म 2 .10 पर ) https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र . | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्रमांक 37 में ओल्ड गल्ला मंडी गेट से मार्केटिंग सोसायटी तक सी सी रोड मय सी सी नाली एवं सी सी नाला निर्माण कार्य। | 9207005/- | 93000/- | 10000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 2. | वार्ड क्रमांक 35 में सेवा नगर में डी . के . सेंगर से भागीरथ कुशवाह के मकान तक तोमर वाली गली, रामसिंह भदौरिया वाली गली तक सी सी रोड मय आर .सी . सी, ड्रेन निर्माण कार्य। | 8728274/- | 88000/- | 10000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 3. | वार्ड क्रमांक 25 में यदुनाथ नगर गली नं . 08 का शेष हिस्सा कोकसिंह से डी .पी . मेन रोड लाल सिंह से प्रमोद दोहरे, अशोक तांती तक सी . सी . रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 4608440/- | 47000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 4. | वार्ड क्रमांक 19 में राधा कॉलोना मस्जिद से करू ठाकुर रामू शाक्य से खेत, रामू शाक्य से उत्तम जाटव, मंदिर वाली गली, रामू शाक्य से बाल्मीकि तक सी सी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 5516197/- | 55500/- | 10000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 5. | वार्ड क्रमांक 39 में के . के . भट्टा वाली गली, थानसिंह भदौरिया से श्री बांके बिहारी मांगलिक भवन से संजय भदौरिया के घर से विमलेश के घर तक सी सी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 12707764/- | 128000/- | 12500/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 6. | वार्ड क्रमांक 34 में लला सोनी सम्पत लोहिया रविसेन वाली गली चिम्मन सिंह वाली गली जैन मंदिर वाली गली अहेती कोठी से हॉकर जोन वाली तक डामरीकरण रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 6467269/- | 65000/- | 100000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 7. | वार्ड क्रमांक 38 में जगदीश शर्मा से उदय बघेल के मकान से हीरालाल प्रजापति से ज्ञान ज्योति महेश बघेल से रामनिवास भदौरिया राजा भदोरिया से कमलेश ओझा तक सीसी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 4929322/- | 50000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 8. | वार्ड क्रमांक 22 में मोनी की दुकान से राजाबाबू के मकान प्रदीप कुशवाह से सचिन गुप्ता से जंतू बाबा राजकुमार शर्मा से भूरे पंडित एवं गली नं .07 तक सी सी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य | 4878500/- | 49000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 9. | वार्ड क्रमांक 26 में भवानीपुरा वाली पुलिया माता मंदिर से विजय वर्मा पुलिया तक रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 4687219/- | 47000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 10. | वार्ड क्रमांक 27 में राज कॉलोनी से न्यू राज कॉलोनी तक सी सो रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 3893019/- | 39000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 11. | वार्ड क्रमांक 31 में सोनू शिवहरे के मकान से राज टॉकीज नाला नरेन्द्र कुशवाह वाली गली, रहमान वाली गली सोनी वाली गली अमित जैन वाली गली पप्पू पोरवार वाली गली रामलखन भदौरिया के सामने वाली गली तक सी सी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 3952152/- | 40000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 12. | वार्ड क्रमांक 10 में डायवर्सन रोड से संतोष नगर मेन रोड एवं अन्य गलियों तक सी सी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 4621134/- | 47000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 13. | वार्ड क्रमांक 23 में जज हाउस के पीछे बाउण्ड्री से स्टेडियम रोड रनवीर सिंह से भगवान संतोष दीक्षित से सूबेदार धर्मबीर से नाला तक सी सी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 5999178/- | 60000/- | 10000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 14. | वार्ड क्रमांक 14 में पंचवटी, हाउसिंग कॉलोनी एवं अन्य कनेक्टेड गलियों में सी सी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 4116689/- | 42000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 15. | वार्ड क्रमांक 03 में उमाकांत पुरोहित से बंटी भारद्वाज मंदिर से टैगोर स्कूल बाउण्ड्री रोड से शहीद पार्क हनुमान मंदिर तरूण बाटिका रोड कोर्नर गजेन्द्र सिंह भदौरिया के मकान के बगल वाली गली तक सी सी रोड मय ड्रेन एवं आर सी सी नाला मय पुलिया निर्माण कार्य। | 4512929/- | 46000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 16. | वार्ड क्रमांक 06 में वीरेन्द नगर में प्रभाकर चौधरी से राजकुमार भदौरिया से राजेश शर्मा के मकान, दीपक शर्मा पार्षद के सामने से सतीश श्रीवास्तव सुभाष नरवरिया वाली गली डॉ . बी . पी . सिंह से दिलीप जैन आर्य नगर डी पी से संतोष सोनी और कमलेश सोनी के मकान सुभाष सिंह से कैलाश नरवरिया जयसिंह चौहान से डॉ उमाशंकर मिश्रा तक तक सी सी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 3681401/- | 37000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 17. | वार्ड क्रमांक 04 में भीमनगर चौराहे से शांतीनाथ जैन मंदिर हाकिम गौर के मकान से मुन्नासिंह सुरेन्द्र बाबू और लाल जी वाली गली रामप्रकाश जाटव और दयाराम मानिक से विकास और बनवारी मकान शिवभान सिंह और मुंशीलाल से पंकज इलैक्ट्रिक पोल, राकेश गौड़ से डॉ . रामसेवक शाक्य के मकान तक सी सी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 4542553/- | 46000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 18 | वार्ड क्रमांक 02 में महेन्द्र नगर नवादा बाग इतेन्द्र सिंह से नरेन्द्र चौहान का घर महेरे पंडित वाली गली, कमलेश मिश्रा से मनोज देपुरिया का घर, मनोज दैपुरिया के बगल से चौराहा हेमंत भदोरिया से बिजली पोल सुरेन्द्र कुशवाह से रामप्रकाश कुशवाह घर संतोष त्रिपाठी वाली गली तक सी सी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 4148251/- | 42000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 19. | वार्ड क्रमांक 07 में गांधी नगर गली नं . 03 हनुमान मंदिर वाली गली, अंगद शाक्य से एण्ड पॉइंट हाउस जय बहादुर भदोरिया के सामने से जितेन्द्र भदौरिया के मकान तक सी सी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 3618848/- | 37000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 20. | वार्ड क्रमांक 09 में नेशनल हाइवे 719 आशा भदौरिया और रामनिवास शर्मा से राजीव पचौरी और हरीशंकर ओझा के मकान द्वारिकाधीश से अतुल नागोदा के मकान डायवर्सन रोड हरिओम कार वासिंग सेंटर से मोनू रायपुरिया रवि राजावत से पप्पू भदौरिया दागश्री से मोहनी श्रीवास्तव का घर बरूआ कुशवाह वाली गली तक सी सी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 4549815/- | 46000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 21. | वार्ड क्रमांक 13-14 में एम के जैन हाउस से ईदगाह और कनेक्टेड सदर बाजार से नेहरू बालवाड़ी तक सी सी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 3937317/- | 40000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 22. | वार्ड क्रमांक 33-34 में जिला पंचायत कॉम्पलेक्स से गोस्वामी और जैन स्तम्भ से मस्जिद वाली गली जोन्थियम स्कूल वाली गली तक बीटी रोड मय सी सी नाली निर्माण कार्य। | 4049995/- | 41000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 23. | वार्ड क्रमांक 21 में बरूआ सीमेंट दुकान से सब्जी मंडी रोड तक आर सी सी ड्रेन निर्माण कार्य। | 7045242/- | 71000/- | 10000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 24. | वार्ड क्रमांक 18 में नरसिंह राव दीक्षित कोठी से किले के पीछे तक सी सी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 5842691/- | 59000/- | 10000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 25. | वार्ड क्रमांक 36 में दीवान यादव से एकेव्हीएम स्कूल तक बीटी रोड निर्माण कार्य। | 4391416/- | 44000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 26. | वार्ड क्रमांक 8 में रविंद्र नरवरिया और उमेश समाधिया के मकान से दशरथ भदोरिया नंदराम सोनी से टीपी पातीराम राना पंकज सोनी के मकान के सामने तक सी सी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 6367843/- | 64000/- | 10000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |
| 27. | वार्ड क्रमांक 01 में बम्बा के किनारे रामचंद मास्टर से रामस्वरूप दुबे के मकान अशोक शर्मा और सुनील भारद्वाज अटेर रोड कांकर वाली गली पप्पू सिरोठिया से तिलक बौहरे के मकान से अटेर रोड आंगनबाड़ी केन्द्र से अटेर रोड विमलेश ओझा और रामवीर वाली गली पार्षद सुनील कांकर के बगल वाली गली तक सी सी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य। | 8181058/- | 82000/- | 10000/- | केन्द्रीयकृत पी .डब्ल्यू. डी . रजिस्ट्रेशन | 06 माह |

शर्तें :-
1. टेण्डर फार्म दिनांक 18-4-2026 समय 11 :00 बजे से दिनांक 18-5-2026 को समय 17 :30 बजे तक ऑनलाइन क्रय किये जा सकते हैं।
2- निविदाएं ( Bid submission end date ) दिनांक 18-5-2026 समय 17 :30 बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत की जा सकती है।
3- प्राप्त निविदाओं का Mandatory Submission Envelope-A दिनांक 20-5-2026 को समय दोपहर 12 :30 बजे के बाद खोला जायेगा तथा Financial Bid Envelope-C दिनांक 20-5-2026 को 15 :00 बजे के बाद खोला जावेगा।
4- निविदा सम्बंधी विस्तृत जानकारी https://www.mptenders.gov.in पर या कार्यालयीन समय में कार्यालय की निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है.

**वर्षा अमित वाल्मीकि**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद् भिण्ड जिला भिण्ड ( म .प्र . )**

**यशवंत वर्मा**
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् भिण्ड जिला भिण्ड ( म .प्र . )**


# शास्त्री कॉलोनी में ट्रांसफार्मर में भीषण धमाका, आग से मचा हड़कंप

## तेल रिसाव के बाद रात 2 बजे लगी आग, इनवर्टर जला और घरों के कांच टूटे; बिजली विभाग की लापरवाही पर रहवासियों में आक्रोश

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 23 अप्रैल.** शहर की शास्त्री कॉलोनी (ब्लॉक-ए) में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे एक ट्रांसफार्मर में आग लगने के बाद जोरदार धमाका हो गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग की लपटें आसपास के घरों तक पहुंचने से कई मकानों को नुकसान हुआ है। घटना में करीब एक लाख रुपए से अधिक की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है।

**शाम से हो रहा था तेल रिसाव:** प्राप्त जानकारी के अनुसार, शास्त्री कॉलोनी ब्लॉक-ए निवासी रिटायर्ड स्वास्थ्य कर्मचारी रविंद्र श्रीवास्तव के घर के सामने बिजली कंपनी का ट्रांसफार्मर स्थापित है। बुधवार शाम से ही ट्रांसफार्मर से तेल का रिसाव हो रहा था, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई। देर रात करीब 2 बजे रिसते हुए तेल में अचानक आग लग गई, जिससे ट्रांसफार्मर धू-धू कर जलने लगा।



**धमाके से घरों तक पहुंचीं लपटें:** आग के दौरान अचानक ट्रांसफार्मर में जोरदार धमाका हुआ, जिससे चिंगारियां और आग की लपटें आसपास के मकानों तक पहुंच गईं। इस घटना में रविंद्र श्रीवास्तव के घर में लगा इनवर्टर जलकर खाक हो गया, जबकि अन्य घरेलू सामान को भी नुकसान पहुंचा। वहीं पड़ोसी राजेंद्र शर्मा के घर की खिड़कियों के कांच टूटकर बिखर गए। आसपास की दीवारों और जमीन पर लगी परत भी आग की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई।

**अफरा-तफरी का माहौल, लोगों ने संभाली स्थिति:** घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय रहवासियों ने साहस दिखाते हुए किसी तरह आग पर काबू पाया और स्थिति को संभाला, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

**सूचना के बावजूद नहीं पहुंचा बिजली विभाग:** रहवासियों का आरोप है कि घटना की सूचना तत्काल बिजली विभाग को दी गई, लेकिन रात में विभाग का कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। अधिकारियों और कर्मचारियों की इस लापरवाही से क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी व्याप्त है।

**नुकसान का किया जा रहा आंकलन:** घटना के बाद प्रभावित परिवारों द्वारा हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और पीड़ितों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।



# रेलवे आधारभूत संरचना सुदृढ़ करने व्यापक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 23 अप्रैल.** झांसी मंडल में रेल संरचना को मजबूत बनाने एवं रेल संचालन क्षमता में वृद्धि के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार द्वारा गुरुवार को झांसी-हेतमपुर एवं बिरलानगर-उदीमोड़ रेल खंड का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ट्रैक, कर्व, स्टेशन साफ-सफाई, ओएचई, सिग्नल, फाटक एवं पुलों की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया गया।

निरीक्षण यान 'परख' के माध्यम से डीआरएम ने झांसी-हेतमपुर खंड का विंडो निरीक्षण करते हुए चंबल ब्रिज के समीप निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान ट्रैक जॉइंट्स, सिग्नल इंस्टॉलेशन, ड्रेनेज, टो वॉल एवं अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआरएम ने हेतमपुर स्टेशन का निरीक्षण करते हुए यात्री सुविधाओं, रिले रूम, स्टेशन मास्टर कक्ष एवं पेयजल व्यवस्था की स्थिति का आकलन किया। इसके बाद अमृत भारत योजना अंतर्गत विकसित किए जा रहे मुरैना स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, पेयजल व्यवस्था एवं 'पे एंड यूज' शौचालयों का निरीक्षण किया गया। गर्मी को ध्यान में रखते हुए यात्रियों के लिए पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

इस दौरान वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (उत्तर) अजय कुमार मीणा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा, वरिष्ठ मंडल दूरसंचार इंजीनियर नरेंद्र सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर सतबीर सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मालनपुर में 25 से 30 अप्रैल तक 5 घंटे बिजली रहेगी गुल, प्री-मानसून मेंटेनेंस के चलते शटडाउन

नवभारत न्यूज

**मालनपुर, 23 अप्रैल.** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में प्री-मानसून मेंटेनेंस के चलते 25 अप्रैल से 30 अप्रैल तक रोजाना सुबह 6 बजे से 11 बजे तक बिजली शटडाउन की घोषणा की है। उपमहाप्रबंधक हरीश मेहता द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 33 के.व्ही. और 11 के.व्ही. फीडरों की मरम्मत के लिए यह शटडाउन लिया जा रहा है।




**26 और 29 अप्रैल को पूरा शहर प्रभावित, उद्योगों को भी झटका**

**कब-कहां रहेगी बिजली गुल:** 1. 25 अप्रैल शनिवार: * 33 के.व्ही. फीडर नं. 2 से जुड़े उद्योग प्रभावित होंगे। इनमें मै.पी.सी. कोस्मा, मोरबी नंदन, मार्बल विनायल, फेडीलिटी एग्रो, न्यूट्रियन ग्लोबल और मातंगी रबर जैसी बड़ी इकाइयां शामिल हैं।

**2. 26 अप्रैल रविवार:** सबसे व्यापक असर। 33 के.व्ही. फीडर नं. 5, 6 और 11 के.व्ही. फीडर नं. 1, 2, 3 बंद रहेंगे। इससे गोदरेज सोप, जमुना ऑटो, यू फ्लेक्स जैसी कंपनियों के साथ-साथ पूरे मालनपुर नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप रहेगी।

**3. 27 अप्रैल सोमवार:** फीडर नं. 3 से जुड़े एम.जी.आई रबर, साध्वी फूड, सूर्या रोशनी, व्हीआरएस फूड समेत अन्य औद्योगिक इकाइयां प्रभावित होंगी।

**4. 29 अप्रैल बुधवार:** 11 के.व्ही. मालनपुर आबादी फीडर बंद होने से सिंघवारी, तिलोरी, चिरोंगी, हरीराम का पुरा सहित समस्त मालनपुर नगर में बिजली नहीं रहेगी।

**5. 30 अप्रैल गुरुवार:** लहचूरा मिक्स फीडर से जुड़े लहचूरा, माहौ, डुडीला गांव प्रभावित होंगे।

**प्रशासन ने क्या कहा:** उपमहाप्रबंधक हरीश मेहता के अनुसार, 'मानसून से पहले सभी फीडरों का मेंटेनेंस जरूरी है ताकि बारिश में फॉल्ट कम हों। उपभोक्ताओं को असुविधा के लिए खेद है।' साथ ही आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि इन तारीखों में किसी अति महत्वपूर्ण व्यक्ति का दौरा होता है तो शटडाउन स्वतः निरस्त हो जाएगा।

**जनता पर असर:** लगातार 5 दिन सुबह के 5 घंटे बिजली न होने से उद्योगों का उत्पादन प्रभावित होगा। वहीं 26 और 29 अप्रैल को घरेलू उपभोक्ताओं को भी परेशानी होगी। गर्मी के मौसम में सुबह के समय पानी की मोटर, कूलर-पंखे बंद रहने से दिक्कत बढ़ेगी।

**विभाग की अपील:** सभी उच्चदाब और सामान्य उपभोक्ता शटडाउन शेड्यूल देखकर अपने जरूरी काम पहले निपटा लें। मेंटेनेंस पूरा होने के बाद जानकारी पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।